उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 15.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।







@MahobaPolice

# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः-15.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

### बैंक चेकिंग




@MahobaPolice

## ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत अग्निशमन टीम महोबा द्वारा “अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह” के अंतर्गत चलाया जागरुकता अभियान, मॉकड्रिल में सिखाये आग बुझाने के तरीके, वितरित किये गये जागरुकता पम्पलेट्स...।

ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत शासन द्वारा चलाये जा रहे **“अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह”** के अंतर्गत आग से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर आज दिनांक- 15.04.2025 को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के निकट पर्यवेक्षण में फायर सर्विस टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा में तहसील सदर, चरखारी एवं कुलपहाड में अवस्थित व्यवसायिक संस्थान होटल, रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंप एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया तथा वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं संबंधित को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने एवं उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।









## पुलिस अधीक्षक महोबा की अध्यक्षता में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी हुई संपन्न। प्रभावी जनसुनवाई, बीट प्रणाली, अपराधियों पर नकेल एवं अपराध नियंत्रण पर रहा विशेष जोर...।

आज दिनांक- 15.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन महोबा में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध गोष्ठी सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, शाखा प्रभारी सहित अन्य सम्बन्धित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कर्मियों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की सुनवाई करते हुए समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने समस्त पुलिस बल से जनसामान्य की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कर्तव्यपरायणता, संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता से कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जाये साथ ही विभिन्न पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सन्दर्भों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट कर फीडबैक लिये जाने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने आगामी फायर सीजन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में सुरक्षा प्रबंधन सुदृढ़ करने, विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता बरतने तथा आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस बीट प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने बीट पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने व स्थानीय जनता से संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए।




लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि लम्बित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु अपराधियों की गिरफ्तारी एवं प्रचलित विभिन्न अभियानों के तहत ऐसे प्रकरणों में अभियोजन की दृष्टि से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे न्यायालयों में सशक्त पैरवी संभव हो सके।

सोशल मीडिया पर बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विशेष सतर्कता बरतने, अफवाहों का तत्काल खंडन करने एवं सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं।

साइबर अपराध नियंत्रण के लिए साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए साइबर सेल को और मजबूत किया जाए, थानों में पुलिस स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान कर प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती की जाये।

आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनज़र ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने, संभावित अराजक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने तथा शातिर अपराधियों की गतिविधियों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त, जिले के प्रमुख स्थानों के प्रवेश एवं निकास बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु सभी संबंधित थाना प्रभारियों को सभी संवेदनशील इलाकों में CCTV कैमरों की संख्या बढ़ाये जाने और उनकी नियमित निगरानी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

यातायात व्यवस्था को प्रभावी एवं गतिमान बनाए रखने हेतु प्रमुख चौराहों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करते हुए अवैध पार्किंग व अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही किये जाने तथा जनपद के प्रमुख थानाक्षेत्रों में ई-रिक्शों का सत्यापन कैम्प लगाकर किये जाने के निर्देश देते हुए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किये जाने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस की अन्य शाखाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अग्निशमन टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना पनवाड़ी क्षेत्रअन्तर्गत लगी हुई आग पर पाया काबू, स्थानीय लोगों ने की प्रशंसा-

आज दिनांक- 15.04.2025 को अग्निशमन टीम महोबा को सूचना प्राप्त हुई कि थाना पनवाड़ी क्षेत्रअन्तर्गत ग्राम भरवारा में हाईटेंशन बिजली की तार टूट जाने के कारण खेतों में खड़ी नरयी में आग लग गयी है।

इस सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा श्री देवेश तिवारी निर्देशन में अग्निशमन टीम तत्काल समुचित तैयारियों से सुसज्जित होकर मौके पर पहुंची, इस दौरान पंपिंग करके फायर टेंडर की मदद से कडी मशक्कत के बाद फायर कर्मियों द्वारा खेतों में लगी हुई आग को फैलने से रोका गया और आग को पूरी तरह से बूझा दिया गाय, जिससे आस-पास लगी कृषि की फसल को बचाने में सफलता प्राप्त हुई है। अग्निशमन टीम की तत्परता से किसी प्रकार की कोई जानहानि नहीं हो पायी।

दमकल कर्मियों की त्वरित प्रतिक्रिया और मेहनत के चलते एक बड़ा नुकसान होने से टल गया। खेत के मालिक समेत आसपास के किसान बन्धुओं ने राहत की सांस ली और अग्निशमन टीम की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया।

फसल कटाई के मौसम में खेतों में आग लगने की घटनाएं बढ जाती हैं, लेकिन थोड़ी सी सावधानी और तैयारी से इनसे बचा जा सकता है।

📌 कुछ महत्वपूर्ण उपायों से इन घटनाओं को रोका जा सकता है -

1. फसल कटाई के बाद अवशेष न जलाएं- खेत में बचे पराली या डंठल को जलाने की बजाय उन्हें जैविक खाद या मल्चर के रूप में उपयोग करें।

2. आग रोकने के लिए फायर लाइन बनाएँ- खेतों के चारों ओर 3-5 मीटर चौड़ी मिट्टी की पट्टी रखें जहाँ कोई सूखा घास या फसल न हो।

3. सुरक्षित कटाई मशीनों का उपयोग करें- मशीनों में समय-समय पर सर्विसिंग कराएं ताकि कोई चिंगारी या ओवरहीटिंग से आग न लगे।

4. पानी या मिट्टी से भरे टैंक तैयार रखें-खेत में पानी से भरे ड्रम या बाल्टी, तथा बाल्टी भर मिट्टी तैयार रखें ताकि आग लगते ही तुरंत नियंत्रण किया जा सके।

5. धूम्रपान या आग से बचें- खेतों में बीड़ी-सिगरेट पीना, अलाव जलाना या किसी भी प्रकार की आग जलाना सख्त मना करें।

6. स्थानीय अग्निशमन विभाग से संपर्क में रहें- नजदीकी फायर स्टेशन का नंबर अपने पास रखें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना दें।

7. गांव में जागरूकता अभियान चलाएं- पंचायत स्तर पर किसानों को आग से बचाव के तरीकों की जानकारी दें और आपसी समन्वय बढ़ाएं।



@MahobaPolice